दैनिक भास्कर city भास्कर INDORE, MONDAY, 09/11/2015

सायबर सिक्योरिटी बढ़ाएगा एम्प्लॉयमेंट

SEMINAR

सिटी रिपोर्टर • सायबर अवेयरनेस लाने के लिए पुलिस महानिरीक्षक रेडियो ट्रेनिंग स्कूल वरुण कपूर द्वारा ब्लैक रिबन इनीशिएटिव के तहत कैम्पेन चलाया जा रहा है। इस कैम्पेन की 130 वीं कार्यशाला पिछले दिनों हुई जिसमें तकरीबन 250 स्टूडेंट्स और फैकल्टीज़ ने हिस्सा लिया। आईजी वरुण कपूर ने सायबर लॉ और सायबर क्राइम्स के बेसिक्स से लेकर बारीकियां भी बताईं।

अधूरी जानकारी नुकसानदायक

उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व मोबाइल, इंटरनेट के ज़रिए एक हो गया है। दुनिया जैसे सिमट गई है। रोजमर्रा के सभी कार्यों में इंटरनेट का उपयोग सामान्य बात है, लेकिन वहीं सबसे तेजी से बढ़ने वाला अपराध भी, सायबर अपराध है ।इसमें भी सबसे आसान टारगेट वे बन रहे हैं जो इसके यूजर्स तो हैं लेकिन उन्हें पूरी जानकारी नहीं है।

सिर्फ फ्रेंड्स नहीं भेजते फ्रेंड रिक्वेस्ट

मोबाइल-इंटरनेट का यूज करते समय कई प्रलोभनों के मैसेज आते हैं, जिनसे बचना चाहिए क्योंकि कोई भी कुछ भी फ्री में नहीं देगा। लिंक पर क्लिक करने से भी आप मुसीबत में फंस सकते हैं।